संक्षिप्त

सघन ट्रैफिक जांच अभियान चलाया

कोटपूतली। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के उद्देश्य से डीएसपी राजेन्द्र बूरड़क के निर्देशन में क्षेत्र के विभिन्न थानों ने सघन ट्रैफिक जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत डीएसपी राजेन्द्र बूरड़क के नेतृत्व में सख्त कार्यवाही की गई। इस दौरान तीन पुलिस थानों ने मिलकर 03 लाख रूपये से अधिक के चालान किये। अभियान के दौरान सरुण्ड थाना ने 83 हजार 500 रूपये, पनियाला थाना ने 71 हजार रूपये एवं कोटपूतली थाना ने लगभग 01 लाख 25 हजार रूपये की राशि के चालान काटे। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनना, बिना लाईसेंस वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, ट्रिपल सवारी, तेज गति व अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों को प्रमुखता से चिह्नित किया गया। डीएसपी राजेन्द्र बूरड़क ने बताया कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

खदान में डूबने से युवक की मौत

दूदू। निकटवर्ती ग्राम पंचायत दातरी के अधीन माधोपुरा गांव के पास संचालित 80 फीट गहरी खदान में पानी में डूब जाने से एक युवक की मौत हो गई पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक सुरेश जाट निवासी बांदरसिंदरी पुत्र रामलाल जाट शुक्रवार से घर से लापता था उसकी चप्पल और कपड़े खदान के किनारे मिले की सूचना पुलिस थाना दूंदू मैं दी गई के बाद एसडीआरएफ टीम एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी मय पुलिस पहुंचे सर्च ऑपरेशन के दौरान खदान में डूबे युवक के शव को बाहर निकल गया पश्चात दूदू मोर्चरी में रखा है जाकर बाद पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है ग्रामीणों ने बताया कि पत्थरों की खान करीब 20 वर्षों से बंद पड़ी है उसके चारों ओर कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं है खदान के चारों ओर खान मालिक से तारबंदी करवाए जाने की ग्रामीणों ने मांग की है

केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग

शाहपुरा। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की माँग को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर शाहपुरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की है। विधायक यादव ने कहा कि शाहपुरा दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक ऐतिहासिक और तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है। भौगोलिक दृष्टि से अहम होने के बावजूद शिक्षा के मामले में यह अब भी पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा क्षेत्र की अधिकांश आबादी निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों से जुड़ी है, जो श्रम, मजदूरी और छोटे व्यवसायों पर निर्भर है। ऐसे में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा की सख्त जरूरत है, लेकिन यहाँ केंद्रीय विद्यालय जैसी उच्च स्तरीय संस्था का अभाव है।विधायक मनीष यादव ने शाहपुरा में बताया कि शाहपुरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। पूरे क्षेत्र का शैक्षिक वातावरण सुधरेगा, उच्च शिक्षा के लिए बेहतर आधार तैयार होगा। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दूर-दराज़ जाकर पढ़ाई करने की मजबूरी से छुटकारा मिलेगा।

अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृताधिकारी उनियारा देवेन्द्र कुमार एवं अलीगढ़ थानाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर कन्जर बस्ती मण्डावरा खाल से आरोपी राजेश पुत्र हीरालाल कंजर (49) निवासी मण्डावरा थाना अलीगढ को अवैध हथकड़ शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध हथकड़ शराब 10 लीटर को जप्त किया जाकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी पीएम मोदी का जन्मदिन : अरूण चतुर्वेदी

पावटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर विभिन्न सेवा कार्य करेंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन महरोज मोड राजमार्ग स्थित पंसारी होटल में हुआ।

■ सेवा पखवाड़ा समाजसेवा, संगठन मजबूत करने का सशक्त माध्यम : सतीश पूनियां

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी के सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर सेवा कार्य करेंगे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा सेवा को ही संगठन मानते हुए संकल्पबद्ध होकर कार्य किया है। सेवा पखवाड़ा समाजसेवा और संगठन को मजबूत करने का सशक्त माध्यम होगा। इस अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में कार्य किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, नमो मैराथन, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि, वृक्षारोपण, बूथ कार्यकर्ता बैठक और कार्यकर्ता के घर भोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। जिनका उद्देश्य सेवा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देना है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने बताया कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर सेवा कार्य करेंगे और समाज के विकास में योगदान करेंगे। मंच संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह, शाहपुरा प्रभारी उपेन यादव, जिला महामंत्री दामोदर बागड़ा समेत अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

पीएम मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर कार्यशाला हुई।

इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह व जयराम सिंह गुर्जर, शाहपुरा से रत्ना कुमारी, पूर्व सरपंच एलन स्वामी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला, एससी मोर्चा से बद्री प्रसाद चौहान, पूर्व चेयरमैन एडवोकेट महेन्द्र कुमार सैनी, एडवोकेट रामनिवास यादव, पावटा मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र राठी, भाजपा प्रागपुरा मंडल महामंत्री मिंटू शर्मा, मोनू शर्मा, सुभाष कुमावत, युवा नेता मुजिफ खान, उमेश कुमावत, अशोक सुरेलिया, हरिद्वारी लाल स्वामी, पूरण खटाना, कांशीराम लम्बोरा, गिरिराज ओला, विनोद मीणा, प्रकाश चंद समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुष्कर साहू को इकाई अध्यक्ष बने

देवली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बैठक संपन्न हुई।

विधिक जागरूकता का हुआ आयोजन

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने नगर परिषद् शाहपुरा के श्री श्याम मंदिर स्थित कॉलोनी में महर्षि दयानंद सरस्वती विद्यापीठ् में नालसा योजना 2015 के अंतर्गत " गरीबी उन्मूलन अभियान एवं साईबर क्राइम से बचाव के लिए विधिक जागरूकता की जानकारी से अवगत कराया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामजी लाल शर्मा के द्वारा संचालित की गई। इस अवसर पर महिला लैंगिक यौन उत्पीडन समिति की अध्यक्ष पिंकी शर्मा भी उपस्थित रही।

हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में आज हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता नोडल अधिकारी प्रो रमेश बैरवा, विशेष व्याख्यान डॉ भूरसिंह गुर्जर एवं संचालन डॉ संपूर्णानंद गौतम ने किया। कार्यक्रम में अन्य संकाय सदस्य एवं छात्राएं शामिल रहीं।

'अधिकारी शिकायतों को लेकर बैठे नहीं उनका निस्तारण कर आमजन को करें लाभान्वित'

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रीको, प्रदूषण नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, रसद एंव जिला परिषद विभाग के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं तो वहीं उन्होंने पंचायती राज विभाग, रसद विभाग, रीको विभागों की पेंडेंसी अधिक होने पर आगाह कर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश कलेक्टर ने सोमवार को खैरथल जिला सचिवालय पर आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए हैं।

■ संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों को लेकर के नहीं बैठे उनका निस्तारण समय पर कर आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग, रसद विभाग, रीको विभागों की पेंडेंसी अधिक होने पर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए साथ ही रीको, प्रदूषण नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, रसद एंव जिला परिषद विभाग के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी ही मीटिंग में उपस्थित रहे तथा उच्च स्तर की बैठक में व्यस्त होने पर मीटिंग में आने वाले व्यक्ति को बैठक से संबंधी सभी जानकारी से अवगत कराकर ही मीटिंग में भेजें। उन्होंने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग, रीको, नगर निकाय के अधिकारियों को एवरेज डिस्पोजल सुधारने तथा आए हुए परिवादों को निश्चित समय अवधि में निस्तारण करने के भी निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने 17 सितंबर से आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान, गांव चलो अभियान की तैयारी हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं के लाभ एवं कैंप में दिए गए कार्यों को सही ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शिविर के दिन लाभार्थी को वास्तविक लाभ मिल सके।इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें।

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

फुलेरा। राजस्थान पेंशनर समाज शाखा फुलेरा की मासिक बैठक शक्ति सिंह की अध्यक्षता में गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा सभागार में सम्पन हुई। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई व प्रस्ताव लिए गए,जिसमें आरजीएचएस योजना में गड़बड़ियों सामने आने के बाद सरकार की ओर से की गई सख्ती का असर पेंशनर्स पर हो रहा है।

■ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा हुई व प्रस्ताव लिए

राज्य सरकार द्वारा आरजीएचएस योजना में अधिकृत निजी चिकित्सालयों व मेडिकल स्टोर को समय पर भुगतान नहीं कर रही, जिसके कारण पेंशनर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 80 प्रतिशत पेंशनरों का जीवन दवाइयों पर निर्भर है, उन्हें दवाइयां नगद खरीदनी पड़ रही है।जिसके लिए विभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित कर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई है। राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिन संस्थाओं के पास अपने भवन नहीं है, उनके लिए जमीन आवंटित की जाए, जिसके लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों का अधिकारियों से संपर्क कर पेंशन भवन के लिए जमीन के कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। क्रय-विक्रय समिति द्वारा स्थानीय उपजिला चिकित्सालय में मेडिकल स्टोर खोलने के लिए स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रभारी अधिकारी से संपर्क करने का निर्णय लिया गया, जिससे पेंशनरों को दवाई मिलने में सुविधा हो सके। राज्य के बाहर भी आरजीएचएस योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालय अधिकृत है, यदि कोई पेंशनर राज्य के बाहर गया हुआ हो तो उसे इलाज की आवश्यकता होने पर वहां कैशलेस इलाज ले सकता है। बैठक में नीरज तिवारी, रामावतार गुप्ता, किशनसिंह, रोस्टर जॉन, गंगाकाशी, शीला वायलेट, ग्लोरिया डेविड, इकरामुद्दीन कुरेशी, भंवरलाल कुमावत, प्रतापसिंह, रमेश चंद्र गोठवाल, मोहनलाल, नाथूलाल मावर, विमल कुमार शर्मा, सूर्यप्रकाश, कैलाश चंद, हनुमान सिंह, सूंडाराम, रामजीलाल, मगनसिंह आदि मौजूद रहे।

योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जून 2025 तिमाही तक की बैंकिंग क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बैंकों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंनेबैंकों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सीएम स्वानिधी योजना, पीएम मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। साथ ही, सभी शाखा प्रबंधकों को जागरूक कर अधिक से अधिक आवेदन प्रायोजित करने हेतु निर्देशित किया। किसानों को अधिकाधिक बैंकिग योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें, फसल बीमा का लाभ पहुंचाए।

'शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर में आने वाले हर व्यक्ति को तत्काल राहत प्रदान करें'

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्सेवा पर्व पखवाड़ाश के अन्तर्गत 17 सितंबर से शुरू हो रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में आने वाले व्यक्तियों को नियमानुसार तत्काल राहत दी जाए। संबंधित विभागों के अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिए कि जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ एवं राजस्व सम्बन्धी अपने काम लेकर शिविर में आए वह निराश नहीं हो। जिला कलेक्टर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टर।

उन्होंने कहा कि शिविरों में किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण जनता को पात्रता के अनुसार योजनाओं के लाभ शिविर के दौरान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिविर का समय प्रातः 9.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा। शिविर समाप्ति यानी 6 बजे तक कुछ कार्य अपूर्ण या लंबित रहे तो कार्यो को पूर्ण करने के उपरांत ही शिविर का समापन किया जाए। साथ ही शिविर प्रभारी यह भी सुनिश्चित करें की शिविर शुरू होने से शिविर की समाप्ति तक अभियान से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें, ताकि जनता को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शिविरों की जिला स्तर पर प्रगति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु स्थापित कंट्रोल रूम से संपर्क रखें एवं प्रतिदिन शिविर समाप्ति पर पोर्टल पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

■ जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ व राजस्व सम्बन्धी काम लेकर शिविर में आए वह निराश नहीं हो

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर सख्ती दिखाते हुए समयबद्ध निस्तारण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर बेहतर इलाज मुहैया कराने को कहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ सुशीला मीणा, डीएसओ शशि शेखर शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री विवेक गोयल पुत्र श्री ताराचन्द गोयल निवासी 4/21ए, लाल निवास, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर (राज.) ने प्लाट नम्बर 12डी विनायक रेजिडेंसी ब्लॉक बी, विस्तार योजना, ग्राम जयसिंहपुरा, बास जिरोता, तह.सांगानेर, जयपुर का श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री विजय कुमार शर्मा निवासी 251, हिम्मत नगर, टोंक रोड, जयपुर से दिनांक 11.09.2025 को जरिये इकरारनामा क्रय करने का इकरार किया है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त प्लाट के क्रय विक्रय करने बाबत किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में या मेरे अभिभाष्य को लिखित में आपत्ति मय सबूत पेश करें। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।
जयपुर (प्रहलाद गुप्ता) एडवोकेट
दिनांक-15/9/25 मो.नं.-09414051537

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-11/971 दिनांक-15/9/25
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 30/12/11, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.610 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री राकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री दौलत सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 536 दिनांक 29.08.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.09.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1922 दिनांक 08.02.2021 के द्वारा श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री योगेश कुमार शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती रेखा शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.06.2021 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री श्रद्धा शर्मा पुत्री श्री योगेश शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वारिसान घोषणा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रद्धा शर्मा पुत्री श्री योगेश शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 96/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री विकास मित्तल पुत्र श्री हंसराज गुप्ता निवासी मकान नम्बर 665, सरस्वती विहार चक्करपुर गुड़गावं हरियाणा-122002 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्काई हाइट्स बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन सोसाइटी ट्रस्ट, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बी-ब्लॉक भगत सिंह कॉलोनी भिवाड़ी, तहसील टपूकड़ा जिला खैरथल तिजारा राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03/9/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 17/11/2025
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 20/2025
विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र
प्रार्थी नाम विनोद कुमार त्यागी पुत्र श्री रामनिवास त्यागी जाति विवाद स्थान 81, योजना सन् फ्लोवर, ग्राम चक गेटोर, तह. सांगानेर, जयपुर पुत्रियां भूमि त्यागी, हंविका त्यागी की संपति के विषय में
पेशी दिनांक: 10.11.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी / प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक का नाम भुमि त्यागी, हंविका त्यागी पुत्रियां विनोद कुमार त्यागी जाति... निवासी 81, योजना सन् फ्लोवर, चक गेटोर सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10 माह 11 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस पश्चात् कोई आपति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 11 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 11, जयपुर, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय, सांगानेर
मोहर

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर पालिका जोबनेर जिला जयपुर
प्रारूप -5 (नियम 6(2)) क्रमांकः- न.पा.जो. / 2025-26 / 1584 दिनांक 28.08.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मण्डल जोबनेर में नामहस्तान्तरण करवाये जाने हेतु निम्न लिखित पत्रावलियां विचाराधीन है। अगर इन सम्पतीयों का निस्तारण करने में किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के अन्दर मियाद अपनी आपति सबूतों सहित पालिका में दर्ज करवा सकते हैं। अवधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी व नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही की जायेगी।
नामान्तरण

क्र.सं.	आवेदक का नाम मय पता	पता	पटटाधारक का नाम	प्रस्तावित नामान्तरण	भूखण्ड का क्षेत्रफल
1	श्री मोहन लाल कुमावत पुत्र स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	78.33 वर्गगज
2	श्रीमती पतासी देवी पत्नी स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	113.66 वर्गगज
3	श्री सुरेन्द कुमावत पुत्र स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	236.20 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका जोबनेर

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283
फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ.10(1)/खे.अ./टेण्डर/2025/215 दिनांक :- 12/09/2025
ई-निविदा सूचना संख्या 45/2025-26
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संचालित क्रिकेट एरिना, जयपुर हेतु निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से क्रिकेट एरिना उपकरणों (Cricket Arena Equipment) की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफों में एतद द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर कार्यालय में दिनांक 12.09.2025 को प्रकाशित कर 24.09.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा उसी दिन साय 4:00 बजे उपस्थित निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा का सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखी जा सकती है।
UBN No.: RSC2526GSOB00047
राज.संवाद/सी/25/10054 सचिव

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा
email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903
क्रमांकः ननिको(उ)/निर्माण/2025/4917-30 दिनांकः 11.09.2025
-:निविदा संशोधन सूचना:-
नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 13/2025-26 निविदा क्रमांक 4755-68 दिनांक 29.08.2025 को जारी ई-निविदा के कार्य संख्या 03 व 04 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
शेष यथावत रहेगीं।
अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/10028 नगर निगम, कोटा-उत्तर

कार्यालय नगर परिषद् जालोर (राज.)
क्रमांक-नपजा/भूमि नियमन/2025/3581 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-19/2/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद क्षेत्र जालोर के 69 ए के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एंव आवेदको के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

क्र. सं.	प्रकरण संख्या	आवेदक का नाम/पता	आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गगज)	प्रयोजन का प्रकार
1	45/2025-26	श्री हिरालाल पुत्र भंवरलाल जी कंसारा सरावास जालोर	उत्तर मंगलचंद सोनी का मकान दक्षिण-रमेशजी/पिराजी का मकान पूर्व-वागे खां जी का मकान पश्चिम- रास्ता	126.30	आवासीय
2	46/2025-26	श्री मंजुदेवी पत्नि रमेश कुमार ईन्द्रापुरी कॉलोनी जालोर	उत्तर खालसा भूमि दक्षिण-रास्ता पूर्व-मंगलाराम, मोतीरामप्रजापत मकान पश्चिम- खाली प्लोट	108.88	आवासीय

आयुक्त, नगर परिषद जालोर

खोया पाया
मैं महेश कुमार पुत्र श्री भोला राम प्लॉट न B-21 आर के वाटिका सिटी 6 गांव भाटेड तहसील सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति, आवंटन पत्र साइट प्लान रसीद खो (गुम)गई है मिलने पर सूचित करे मो.7742221358

नाम परिवर्तन
मैं प्रखर पिता का नाम श्री कैलाश चंद्र टांक पता प्लाट नं. 174-A ग्रीनपार्क, गोविंदपुरा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जिला-जयपुर राजस्थान-302012 यह कि मेने मेरा नाम प्रखर टांक से बदलकर प्रखर रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे प्रखर नाम से जाना जाये।

मैंने अपनी पुत्री दीक्षा यादव D/o विनोद यादव उसके कुछ दस्तावेजो में नाम अंजल यादव, दीष्यु यादव, एंजेल लिखा है। इससे बदलकर दीक्षा यादव D/o विनोद यादव रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना वह पढ़ा जावें। पता- भादवा नगर, चम्पापुरा, माचवा, जयपुर राजस्थान 303706

I No 15433250f Hav Lokendra singh My father name is Ramavtar singh has been wrongly recorded in the military records. while according to the Aadhaar card the correct name is RAMOUTAR SINGH.Affidavit no is IN-AS86250976036371X.

I No 15433250f Hav Lokendra singh My Mother name is MANJESH DEVI has been wrongly recorded in the military records.while according to the Aadhaar card the correct name is MANGESH DEVI.Affidavit no is IN-AS86251342082538X.

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर (पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-5) (राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांकः एफ-6( ) उपा.राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज./2025/193 **सार्वजनिक सूचना** दिनांकः 15.09.2025
मूल भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री द्वारका प्रसाद के नाम से क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज भूमि का आवंटन/पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 16.08.1961 को श्री द्वारका प्रसाद पुत्र श्री छीतर मल द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज श्रीमती अमृत कौर पत्नी श्री सरदार हरदेव सिंह को बेचान किया गया। नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर श्रीमती अमृत कौर पत्नी श्री सरदार हरदेव सिंह के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 06.09.1975 को सरदार हरदेव सिंह पुत्र श्री सरदार करम सिंह बहैसियत मुख्तारखास श्रीमती अमृत कौर पत्नी सरदार हरदेव सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर 722.2 वर्गगज स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर ऑफिसर्स हाऊसिंग को-ऑपरेटिस सो. लि. जरिये मंत्री रामसुख सविता को बेचान किया गया। दिनांक 19.12.1975 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर सचिव, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर ऑफिसर्स हाऊसिंग को-ऑपरेटिस सो. लि. के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 30.08.1990 को श्री आर.एस. सविता पुत्र श्री ख्यालीराम बहैसियत मंत्री एस.बी.बी.जे. आफिसर्स हाउसिंग को-आपरेटिव सो.लि. जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, तिलक नगर, जयपुर का पश्चिमी भाग कुल क्षेत्रफल 388.9 वर्गगज श्री एस.एल. गुलाटी के नाम से रजिस्टर्ड हस्तान्तरण पत्र का निष्पादन किया गया। दिनांक 10.06.2019 को श्री एस.एल. गुलाटी एवं दिनांक 28.11.2011 को श्रीमती कमला गुलाटी की मृत्यु हो गई। दिनांक 12.05.2025 को नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज में से भूखण्ड संख्या सी-165-ए (पश्चिमी भाग) क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज श्री मुकेश गुलाटी, श्री राकेश गुलाटी एवं श्री दिनेश गुलाटी पुत्रान् स्व. श्री सिकन्दर लाल गुलाटी के नाम से उपविभाजन पत्र जारी किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड हस्तान्तरण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, उपविभाजन पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री मुकेश गुलाटी, श्री राकेश गुलाटी एवं श्री दिनेश गुलाटी पुत्रान् स्व. श्री एस.एल. गुलाटी के पक्ष में क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज का ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर पालिका जोबनेर जिला जयपुर
प्रारूप -5 (नियम 6(2)) क्रमांकः- न.पा.जो. / 2025-26 / 1736 दिनांक 13.09.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मण्डल जोबनेर में 69 क / स्टेट ग्रान्ट / नामान्तरण / निमार्ण ईजाजत के तहत् निम्न लिखित पत्रावलियां विचाराधीन है। अगर इन सम्पतीयों का निस्तारण करने में किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के अन्दर मियाद अपनी आपति सबूतों सहित पालिका में दर्ज करवा सकते है। अवधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी व नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही की जायेगी। 69 क/स्टेट ग्रान्ट पट्टा

क्र.सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	वार्ड/कॉलोनी गली का नाम	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	आवासीय/व्यवसायिक	क्षेत्रफल (वर्गगज)
1	श्री गोपाल लाल अग्रवाल पुत्र श्री सोहन लाल अग्रवाल	कालवाड रोड, ढाणी,नागान जोबनेर	श्री बन्शी लाल कुमावत का भूखण्ड	श्री गोपाल अग्रवाल की जमीन	श्री नानूराम खोरणिया की जमीन	आम रास्ता	मिश्रित	351.125 वर्गगज
2	श्री बन्शी लाल कुमावत पुत्र श्री लाल चन्द कुमावत	कालवाड रोड, ढाणी,नागान जोबनेर	लालचन्द कुमावत का भूखण्ड	श्री गोपाल अग्रवाल की जमीन	श्री नानूराम खोरणिया की जमीन	आम रास्ता	मिश्रित	351.125 वर्गगज
3	श्री नेमी चंद सिंधी पुत्र श्री अमर चन्द सिंधी व सुरेन्द्र कुमार सिंधी पुत्र स्व. श्री जवाहर मल सिंधी	रावल नरेन्द्र मार्ग जोबनेर	आम रास्ता	नरेन्द्र मार्ग व रास्ता	श्री गोपीचन्द पुत्र श्री अमरचन्द सिंधी का मकान	श्री ज्ञानचन्द भागचन्द पुत्र श्री अमरचन्द सिंधी का मकान	आवासीय	197.50 गंगज
4	श्री शंकर लाल सैन पुत्र श्री लादूराम	बंसवालो की ढाणी भारिजा रोड जोबनेर	आबादी भूमि	भारिजा रोड	धर्मशाला के पास बाउण्ड्रीवाल	भारिजा रोड	आवासीय	13.44 वर्गगज
5	श्री मनीष कुमार पाटनी पुत्र स्व. श्री मदन लाल पाटनी श्री आदित्य पाटनी पुत्र स्व. श्री अनिल कुमार पाटनी व श्री विवेक पाटनी पुत्र स्व. श्री विनोद कुमार पाटनी	वार्ड न. 6 कुम्हारों का मोहल्ला जोबनेर	श्री छितर मल जैन का मकान	आम रास्ता	श्री गजानन्द सोनी का मकान	आम रास्ता	आवासीय	167.55 वर्गगज
6	श्री रोहित गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री दान मोहम्मद कुरेशी का मकान	श्री कमलेश गुर्जर का मकान	श्री नूर मोहम्मद कुरेशी का मकान	आम रास्ता	आवासीय	296.40 वर्गगज
7	श्री यादवेन्द्र सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री कमलेश गुर्जर का मकान	श्री नूर मोहम्मद कुरेशी का मकान	श्री कालूजी कुम्हार का मकान	आम रास्ता	आवासीय	261.07 वर्गगज
8	श्री कमलेश कुमार गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री रोहित गुर्जर का मकान	श्री यादवेन्द्र सिंह का मकान	श्री कालूजी कुम्हार का मकान	आम रास्ता	आवासीय	282.74 वर्गगज
9	श्री यशवेन्द्र गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.06, गुर्जरों का मोहल्ला जोबनेर	श्री ओमप्रकाश गुर्जर का मकान	आम रास्ता	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	मिश्रित	154.44 वर्गगज
10	श्री बिरदी चन्द पुत्र श्री गोपी राम	वार्ड न.20,गोडावाली कोठी जोबनेर	श्री नन्द लाल कुमावत का मकान	श्री भंवर लाल जी का प्लाट	स्वंय की जमीन	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	आवासीय	354.66 वर्गगज
11	श्रीमती केली देवी पत्नि स्व. श्री किशन लाल	वार्ड न.13, खटीकों का मोहल्ला जोबनेर	श्री डाल चन्द का मकान	आम रास्ता	आम रास्ता	स्वयं का मकान	आवासीय	26.32 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर